नया कोर्स : नवंबर से शुरू होगा सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन आंत्रप्रेन्योरशिप, इसमें रायपुरियंस को प्राथमिकता

बिजनेस शुरू करने से लेकर सफल बनाने की ट्रेनिंग देगा IIM

सिटी रिपोर्टर. रायपुर

आंत्रप्रेन्योर्स को बढ़ावा देने के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में नया सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जा रहा है। सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन आंत्रप्रेन्योरशिप कोर्स तीन महीने का होगा, जिसमें लगभग 40 पार्टिसिपेंट्स हिस्सा ले सकेंगे। प्रोग्राम पूरी तरह से ऑफलाइन मोड में संचालित होगा।

प्रोग्राम के तहत पार्टिसिपेंट्स को बिजनेस शुरू करने के साथ ही उसे चलाने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। यही नहीं एक कंपनी को कैसे सेटअप करें, इसके बारे में भी पार्टिसिपेंट्स को जानकारी दी जाएगी। वहीं प्रोग्राम में बिजनेस ऑपरेशन में काम आने वाली चीजें जैसे मार्केटिंग, फाइनेंस, इकोनॉमी, लॉ, एक्ट, एचआर के बारे में बताया जाएगा। प्रोग्राम में शामिल होने के लिए रायपुर के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। 21 वर्ष की उम्र का कोई भी ग्रेजुएट इस कोर्स में शामिल हो सकता है। प्रोग्राम में सलेक्शन के लिए सबसे पहले पार्टिसिपेंट्स के प्रोफाइल का रिव्यू किया जाएगा। इसके बाद इंटरव्यू होगा और फिर सलेक्शन किया जाएगा। प्रोग्राम की शुरुआत 6 नवंबर 2024 से होगी। इसकी फीस लगभग 2 लाख रुपए होगी।

पार्टिसिपेंट्स को ये सिखाया जाएगा

प्रोग्राम में कोर बिजनेस डिसिप्लीन के तहत मार्केटिंग, ऑर्गनाजेशनल स्ट्रक्चर एंड एचआर, आईटी एंड सिस्टम, प्रोडक्शन, इकोनॉमी व बिजनेस इन्वायरमेंट, स्ट्रेटजी, अकाउंट के बारे में जानकारी दी जाएगी। वहीं लीगल, रेगुलेटरी एंड कंप्लायंस में जीएसटी, कंपनी एक्ट, कॉन्ट्रेक्ट एक्ट, डॉक्यूमेंटेशन, इकोनॉमी ऑफिंस, इनकम टैक्स, इंश्योरेंस, फिनटेक लॉ व लेबर लॉ, लॉजिस्टिक जैसे सब्जेक्ट को भी ट्रेनिंग में शामिल किया गया है। आंत्रप्रेन्योरशिप ईकोसिस्टम एंड स्टार्टअप प्रोसेस में वर्किंग अंडरस्टेंडिंग, सिस्टम एंड प्रोसेस, बिजनेस प्लान फॉरमुलेशन आदि के बारे में सिखाया जाएगा। प्रोग्राम में पार्टिसिपेंट्स का एग्जाम और वाइवा भी होगा।

प्रोग्राम स्ट्रक्चर को बांटा 1 से 3 सप्ताह में

प्रोग्राम को एक सप्ताह से लेकर तीन सप्ताह के सेशन में बांटा गया है। इसमें पहले सप्ताह बूट कैंप होगा। उसके बाद तीन सप्ताह तक बिजनेस सब्जेक्ट की स्टडी, 3 सप्ताह पार्टिसिपेंट्स बिजनेस मैकेनिज्म समझेंगे, 3 सप्ताह स्टार्टअप, आंत्रप्रेन्योरशिप और उसके ईकोसिस्टम के बारे में अवगत कराया जाएगा। आखिरी के 1 सप्ताह पार्टिसिपेंट्स एक्सपर्ट की मदद से ऑपरेशनल बिजनेस प्लान तैयार करेंगे।

पार्टिसिपेंट्स बनाएंगे बिजनेस प्लान

प्रोग्राम में पार्टिसिपेंट्स को बिजनेस आइडिया या प्लान भी बनाना होगा। बिजनेस आइडिया डेवलप करने में आईआईएम के एक्सपर्ट पार्टिसिपेंट्स की मदद भी करेंगे। इसमें ऐसे पार्टिसिपेंट्स जो अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते है वे आगे इसपर काम कर सकेंगे। वहीं प्रोग्राम के तहत बिजनेस प्लान को इन्वेस्टर्स के सामने प्रजेंट करने का मौका भी मिलेगा।

प्रोग्राम से पार्टिसिपेंट्स को ये होंगे फायदे

- पार्टिसिपेंट्स को बिजनेस के बारे में जानकारी मिलेगी।
- बिजनेस करने के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।
- अंग्रेजी अब बिजनेस सीखने के रास्ते में बाधा नहीं होगी, हिन्दी के लिए भी सपोर्ट किया जाएगा।
- अपने जैसे विचार रखने वाले लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा।
- बिजनेस प्लान बनाने के साथ ही इन्वेस्टर से मिलने का मौका मिलेगा।
- स्टैंडर्ड बिजनेस टॉपिक्स की वर्किंग समझ हासिल करेंगे।
- लीगल, रेगुलेटरी और कंप्लायंस स्टैंडर्ड का प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त कर सकेंगे।
- दूसरों के बीच ट्रेनिंग स्किल, प्रेजेंटेशन स्किल, डिजाइन थिंकिंग पर सेशन शामिल हैं।

Dainik Bhaskar 28-Sep-24, P.N-04(City Bhaskar)